अमर उजाला
बरेली
शुक्रवार, 9 फरवरी 2018
amarujala.com

PAGE NO. 6 : MIDDLE

गोल्ड मेडल पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

एसआरएमएस कॉलेज का दीक्षांत समारोह: वक्ताओं ने कहा, कामयाबी के लिए मेहनत जरूरी

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुए मेधावी।

श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार को श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के कॉलेजों के दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न कोर्स के मेधावी छात्रों को डिग्री, प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल और नकद पुरस्कार दिए गए। वक्ताओं ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से ही कामयाबी पाई जा सकती है। समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने की।

स्वर्गीय राममूर्ति के 108 वें जन्म दिवस पर आयोजित दीक्षांत समारोह में बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के छात्र जो एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज बरेली, उन्नाव, लखनऊ आदि के छात्रों को डिग्री और मेडल प्रदान किए गए। बीटेक में सर्वाधिक अंक पाने के लिए कोपल अग्रवाल, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नालॉजी एंड रिसर्च की बीटेक छात्रा वशिंका शुक्ला, श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी लखनऊ में बीटेक की छात्रा शिवानी सचान को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल और 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। विभिन्न कोर्स में द्वितीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को सिल्वर मेडल और 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि आईवीआरआई निदेशक डॉ. आरके सिंह, सीमेंस हेल्थ केयर के वायस प्रेजीडेंट हर्ष मेहरोत्रा, ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, डीन एकेडमिक प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता ने मेधावी छात्रों को बधाई दी और कहा कि इसी लगन से वह आगे बढ़ें। हर कामयाबी उनके कदम चूमेगी।